कार्ययोजना

5 साल में 10-10 कर लाए जाएंगे जंगली भैंसे, 150 हेक्टेयर का विशेष बाड़ा निर्माणाधीन

# एनटीसीए ने दी 50 भैंसों को असम से कान्हा लाने की मंजूरी



**मंडला 08 नवंबर नभाप्र.** विश्व की सबसे बड़ी जैव विविधता की प्रयोगशाला राष्ट्रीय उद्यान कान्हा है। जहां पर हर प्रकार के जीव जंतु वनस्पति वनों से आच्छादित है। दुर्लभ प्रजाति के जीव जंतु एवं वन्य प्राणी की उपलब्धता है। राष्ट्रीय उद्यान कान्हा के नाम से मंडला जिले को पूरी दुनिया में जाना जाता है। कान्हा नेशनल पार्क भारत के मध्यप्रदेश में मंडला और बालाघाट जिले की सीमा कान्हा में स्थित है। 1930 के दशक में कान्हा क्षेत्र को दो अभ्यारण्यों में बांटा गया था, हालोन और बंजर। जिसका एरिया 250 और 300 वर्ग किलोमीटर था। वहीं कान्हा नेशनल पार्क का अब विस्तार हो चुका है। अब कान्हा क्षेत्र में कोर 941.792, बफर 1134.319 और फेन 110.740 वर्ग किलोमीटर में फैला है।

जानकारी अनुसार विश्व की सबसे बड़ी जैव विविधता की प्रयोगशाला में मप्र के वन्यजीव संरक्षण के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए कान्हा टाइगर रिजर्व में एक बार फिर जंगली भैंसों की वापसी होने जा रही है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी ने कान्हा में जंगली भैंसों को फिर से बसाने की विस्तृत योजना को हरी झंडी दे दी है। मध्यप्रदेश में कभी बड़ी संख्या में पाए जाने वाले जंगली भैंसे अब यहां विलुप्त हो चुके हैं।

### पांच साल की कार्य योजना तैयार

कान्हा टाइगर रिजर्व के उप संचालक पुनीत गोयल ने बताया कि एनटीसीए की स्वीकृति के बाद जंगली भैंसों को बसाने की योजना पर काम शुरू हो गया है। इस योजना के अनुसार असम से कुल 50 जंगली भैंसे कान्हा लाए जाएंगे। इसके लिए पांच साल की कार्ययोजना बनाई गई है, जिसके तहत प्रति वर्ष 10-10 भैंसे लाए जाएंगे।

### हालेन वैली में बन रहा विशेष बाड़ा

बताया गया कि पुनर्वास प्रक्रिया के तहत इन भैंसों के लिए कान्हा की हालेन वैली में 150 हेक्टेयर का एक विशेष बाड़ा तैयार किया जा रहा है। शुरुआत में इन्हें इसी बाड़े में रखा जाएगा, जिससे वे नए वातावरण के अनुकूल हो सकें। इनकी संख्या बढ़ने पर और अनुकूलन के बाद इन्हें धीरे-धीरे जंगल में छोड़ा जाएगा। आवश्यकतानुसार बाड़े का विस्तार भी किया जाएगा।

### जंगली भैंसों के लिए उपयुक्त है कान्हा की जलवायु

बताया गया कि वन्यजीव पुनर्वास के लिए कान्हा को चुनने का कारण वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की टीम का अध्ययन है। डब्ल्यूआईआई के अध्ययन में पाया गया कि कान्हा के विस्तृत घास के मैदान और यहाँ की जलवायु जंगली भैंसों के लिए पूरी तरह उपयुक्त हैं, जिससे उनके सफल पुनर्वास की संभावना अधिक है।

### परिवहन एक बड़ी चुनौती

कान्हा प्रबंधन के लिए इन भैंसों को असम से कान्हा तक लाना एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि इन्हें सड़क मार्ग से लाया जाएगा, जिसमें लगभग दो से तीन दिन का समय लगेगा। हालांकि कान्हा प्रबंधन इसके लिए पूरी तैयारी कर रहा है और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के लिए असम और रास्ते में पड़ने वाले राज्यों के वन विभागों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

## तीन मेडिकल स्टोर्स पर औचक छापा

**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** कलेक्टर मंडला के सख्त निर्देशानुसार और उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंडला के मार्गदर्शन में जिले के तीन मेडिकल स्टोर्स पर औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण कार्रवाई औषधि निरीक्षक मंडला एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी मंडला की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम ने मेसर्स आकांक्षा मेडिकल स्टोर्स सेमरखापा, मेसर्स मंडला डायग्नोस्टिक फार्मेसी मंडला और न्यू राय मेडिकल स्टोर्स महाराजपुर का परीक्षण किया।

संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलुओं का परीक्षण किया जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवाओं के विक्रय में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियम 1945 के सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस औचक निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट अब आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही के लिए औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, जिला मंडला मुख्यालय बालाघाट को प्रेषित की जाएगी।

## 1.264 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, हिरदेनगर पुलिस की कार्रवाई

हिरदेनगर चौकी पुलिस ने कुडवन तिराहे पर की चेकिंग

जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1.20 लाख आंकी गई



**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** मंडला जिले के महाराजपुर थाना अंतर्गत हिरदेनगर चौकी पुलिस ने शनिवार को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस टीम ने 1.264 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

चौकी प्रभारी विकास सिंह तोमर ने बताया कि पुलिस टीम ने कुडवन तिराहा, हिरदेनगर के पास संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति रामकिशोर पटेल पिता प्रताप पटेल, निवासी ककैया, थाना बम्हनी को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 1.264 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी से बरामद गांजा और परिवहन में उपयोग की जा रही उसकी स्कूटी को तत्काल जब्त कर लिया है। जब्त की गई इस अवैध सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी रामकिशोर पटेल के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी विकास सिंह तोमर, सहायक उप निरीक्षक शिवशंकर सिंह राजपूत, आरक्षक रशीद कुमार पुशाम, आरक्षक आनंद, आरक्षक अमित, सैनिक जगदीश सिंगौर और महिला आरक्षक दीपाली का योगदान रहा।

## श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब



सुरीले भजनों पर भक्ति भाव से झूमे श्रद्धालु

56 भोग और इत्र वर्षा से हुआ मनमोहक श्रृंगार

तृतीय वार्षिक आयोजन में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके हुईं शामिल

**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** नगर के श्याम अनुयायियों द्वारा श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तृतीय वार्षिक आयोजन चौपाटी के सामने किया गया। इस आयोजन में श्याम गीतों पर भक्ति भाव की सरिता बही, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। श्याम भक्तों ने आयोजन स्थल पर भव्य दरबार सजावट की, जिसके केंद्र में श्री खाटू श्याम का मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर अखंडज्योत प्रज्ज्वलित की गई और आराध्य को नाना प्रकार के व्यंजनों के साथ 56 भोग अर्पित किए गए। पूरे आयोजन में इत्र वर्षा की गई, जिसने वातावरण को और भी मनमोहक और सुगंधित बना दिया। तृतीय वार्षिक आयोजन में श्याम प्रेमी मित्र मंडली के तत्वावधान में संगीतमय भव्य आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक इंद्रेश तलरेजा, रेशमी शर्मा एवं निर्मल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक आस्था और भक्ति गीतों पर अपनी सुरीली प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर भक्त देर रात तक नाचते-गाते रहे।

### कैबिनेट मंत्री ने की पूजन-अर्चन

इस तृतीय वार्षिक आयोजन में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके शामिल हुईं। उन्होंने विधिवत रूप से पूजन-अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए कामना की। आयोजन के उपलक्ष्य में शामिल जनसमुदाय के लिए श्याम रसोई रूपी भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी ने प्रसादी ग्रहण की। श्याम मित्र मंडली द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में आस्था प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए और सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।

## केंद्रीय विद्यालय नैनपुर के लिए चिन्हित भूमि और भवन का हुआ संयुक्त निरीक्षण



**नैनपुर 08 नबंवर नभाप्र.** विगत दिवस नवीन स्वीकृत केंद्रीय विद्यालय नैनपुर के लिए चिन्हित भूमि एवं तात्कालिक रूप से चयनित भवन का निरीक्षण केंद्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों व जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। नवीन स्वीकृत विद्यालय के संचालन के लिए नैनपुर स्थित नवीन माध्यमिक शाला भवन को तात्कालिक रूप से उपयोग में लेने के लिए चिन्हित किया गया है। भवन को केंद्रीय विद्यालय संगठन को हैंडओवर किए जाने की प्रक्रिया प्रगतिरत है। इसके साथ ही विद्यालय की स्थायी स्थापना के लिए ग्राम समनापुर में आबंटित भूमि का भी संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भूमि तक पक्के पहुंच मार्ग, पेयजल सुविधा एवं आधारभूत संरचना की उपलब्धता का जायजा लिया गया।

## अनियंत्रित होकर बाईक से गिरा युवक घायल

नारायणगंज के ग्राम दहरा में हुआ हादसा, जबलपुर किया रैफर



**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** नारायणगंज के ग्राम दहरा में एक बाईक सवार अनियंत्रित होकर मार्ग में गिरकर गंभीर घायल हो गया है। बताया गया कि बाईक सवार युवक भागवत मरावी पिता हरीश मरावी 25 वर्ष निवासी पिंडरई अपनी नानी के घर ग्राम झांझनगर खाना खाने गया हुआ था। झांझनगरं से वापस युवक भागवत अपने गृह ग्राम पिंडरई लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम देहरा के पास मार्ग में बने एक गड्ढे में बाईक गुजरी और युवक की बाईक अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित होते ही बाईक सवार युवक भागवत मार्ग में नीचे गिर गया। बताया गया कि बाईक से नीचे गिरते ही युवक को हाथ, पैर और चेहरे में गंभीर चोटे आई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 घटना स्थल के लिए रवाना हुई, लेकिन घटना स्थल काफी दूरी पर था, जिसके कारण डायल 112 को पहुंचने में देर लगती, युवक की गंभीर हालत को देखते हुए स्थानीय लोगों ने एक अन्य वाहन की मदद ली, जो नारायणगंज की तरफ ही जा रहा था। घायल युवक को वाहन द्वारा नारायणगंज ला रहे थे, इसी दौरान डायल 112 भी मार्ग में मिल गई। जिसके बाद डायल 112 में घायल को रखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज लाया गया।

सीएचसी में पदस्थ चिकित्सक राकेश विश्नोई ने घायल युवक का जांच परीक्षण किया और घायल का उपचार शुरू किया। डा. राकेश विश्नाई ने बताया कि घायल युवक भागवत के चेहरे में गंभीर चोटे आई है। आंख के पास और चेहरे में अन्य जगह गंभीर चोटे आई थी। ड्रेसर संतलाल द्वारा चेहरे में गंभीर चोट में तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुए करीब चार से पांच टांके लाए। जिससे उसका ब्लड बहना बंद हुआ। घायल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने जबलपुर मेडिकल रैफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज इस हादसे की जांच कर रही है।

## बिछिया मंडल में बीएलए को विशेष प्रशिक्षण

मतदाता सूची पुनरीक्षण पर मंडला भाजपा गंभीर



**भुआ बिछिया 08 नबंवर नभाप्र.** भाजपा देश एवं प्रदेश संगठन के परिपालन में जिला संगठन जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के निर्देशन और जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल बिछिया की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में था। जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का पुनरावलोकन किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी बूथ के बीएलए एवं बूथ समितियों को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए कहां कि इन सभी प्रक्रियाओं में शुद्ध, स्वच्छ व पारदर्शी मतदाता सूची बनाना है। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, भाजपा नेता डॉ. विजय आनंद मरावी और पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता विजेंद्र कोकड़ियां ने भी मतदाता सूची एसआईआर एवं संगठन विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री नरेश राजपूत ने किया और अंत में आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री नरेश सारवे द्वारा किया गया। इस बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष अजयपुरी गोस्वामी, पूर्व महामंत्री लेखन सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष दीपक कटारे, भूपेन्द्र ठाकुर, पुरुषोत्तम शुक्ला, मंत्री रूदन झरिया, जयराज साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रमाकांत तिवारी, आजाद चौबे, नरेंद्र धुर्वे, राजेंद्र यादव, योगेश यादव, कुंदन साहू, भादू सिंह उइके, भक्ति भूषण प्यारे लाल केराम पार्षद कोषाध्यक्ष रुक्मणी साहू गायत्री, मीडिया प्रभारी शोभित रावत, नितिन यादव, विमल चौधरी सहित पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, शक्ति केंद्र एवं बूथ समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मातृशक्तियां एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ वन्दे मातरम् का गायन

**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष भर विविध आयोजन किये जाने हैं। शुक्रवार को मैराथन और माहिष्मती घाट पर सामूहिक वन्दे मातरम गायन के साथ इसकी शुरुआत की गई थी। शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सम्पूर्ण वन्दे मातरम गायन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्यालय के छात्रों ने वुशु और थांग-ता प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

छात्रा सेजल ने थांग-ता में जीता गोल्ड मेडल

वुशु में रीतिका और यश क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे



**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडला के विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित विद्या भारती वुशु प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रीतिका बनमाला और छात्र यश भांगरे ने अपने-अपने लीग मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल तक पहुंचते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बताया गया कि यह प्रतियोगिता विगत 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक श्रीनगर में आयोजित की गई थी। इसके साथ ही विद्यालय की खेल शिक्षिका आशा कोडोपे और कोच संदीप बर्मन पूर्व छात्र ने अपने पसंदीदा खेल थांगता में गोवा में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में विद्यालय की माध्यमिक स्तर की छात्रा सेजल नामदेव ने भी विद्या भारती की अखिल भारतीय थांगता प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह राष्ट्रीय स्पर्धा आगामी जनवरी में दिल्ली में आयोजित होगी। विद्यालय परिवार की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर रानी दुर्गावती शिक्षा प्रबंध समिति, मंडला के अध्यक्ष राजीव वर्मा, व्यवस्थापक अरविंद शर्मा और कोषाध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव ने सभी विजेताओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान और प्रोत्साहन किया। विद्यालय के खेल प्रभारी मंशाराम पटेल, प्राचार्य और पूरे आचार्य परिवार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आपसी विवाद में एक युवक गंभीर घायल, नारायणगंज के अमदरा की घटना



**नारायणगंज 08 नबंवर नभाप्र.** नारायणगंज के ग्राम अमदरा में दो युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवको के विवाद की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को अलग किया गया। इस मारपीट में एक युवक घायल हो गया। इस विवाद की जानकारी टिकरिया पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जानकारी अनुसार नारायणगंज के ग्राम अमदरा में दो युवकों का विवाद हो गया। जिसमें विवाद इतना बढ़ गया कि वह मारपीट में बदल गया। बताया गया कि ग्राम अमदरा निवासी अरविंद बरकड़े पिता मैली सिंह बरकड़े 25 वर्ष का विवाद अमदरा गांव के ही एक अन्य युवक के साथ हो गया। बताया गया कि मामूली बात को लेकर हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें युवक अरविंद को गंभीर चोटे आई। परिजनों ने घायल अरविंद को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज उपचार के लिए लेकर आए। जहां घायल युवक का उपचार चिकित्सक द्वारा किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि इस मारपीट की शिकायत टिकरिया पुलिस को कर दी है।

## कान्हा के रिसॉर्ट और रेस्टोरेंट से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, अवैध स्पा सील

एसडीएम और एसडीओपी के नेतृत्व में टीम ने नियमों के उल्लंघन पर मारा छापा

अवैध रूप से संचालित स्पा संचालक पर अपराध दर्ज

कान्हा के रिसॉर्ट और रेस्टोरेंट पर संयुक्त कार्रवाई

**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** कान्हा नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षा मानकों और वैधानिक अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को मंडला पुलिस, राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न रिसॉर्ट एवं रेस्टोरेंट पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए कार्रवाई की है। बताया गया कि संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि मराठा रेस्टोरेंट में भोजन निर्माण के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। खाद्य विभाग ने तत्काल मौके से घरेलू गैस सिलेंडर को जब्त कर संचालक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

कान्हा क्षेत्र के समीप स्थित एक भवन में एक स्पा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। छापामार कार्रवाई और जांच के दौरान पता चला कि स्पा में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी, रिकॉर्ड एवं चरित्र सत्यापन पुलिस थाना खटिया और संबंधित विभाग में प्रस्तुत नहीं किया गया था, जो निर्धारित सुरक्षा नियमों का गंभीर उल्लंघन है। नियमों के इस उल्लंघन पर स्पा संचालक राहुल कुमार गुप्ता एवं भवन मालिक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से स्पा को मौके पर सील कर दिया।

### अन्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

संयुक्त टीम ने कान्हा के ग्राम मोचा स्थित क्लब महिन्द्रा, तुली रिसॉर्ट, रोजवुड रिसॉर्ट सहित अन्य बड़े प्रतिष्ठानों का भी गहन निरीक्षण किया। टीम ने सभी संचालकों को स्वच्छता, सुरक्षा मानकों एवं वैधानिक अनुपालन संबंधी आवश्यक निर्देश दिए और चेतावनी भी जारी की।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

बताया गया कि कान्हा क्षेत्र में की गई इस छापामार कार्रवाई में एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीओपी नैनपुर मनीष राज, थाना प्रभारी खटिया केसी चौहान, चौकी प्रभारी टाटरी पुनीत वाजपेयी, आरआई (राजस्व) सुनवालाल भवाली, उनि मधु मरावी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर

सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य को मिला सहारा, टोल फ्री नंबर और मनहित ऐप की दी जानकारी

# मनहित की पहल, 92 रोगियों की सघन स्क्रीनिंग, दो मरीज मंडला रेफर



**मंडला 08 नबंवर नभाप्र.** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और जरूरतमंद रोगियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना था। सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिला अस्पताल मंडला की विशेष मनकक्ष टीम ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के लिए जिले से विशेष रूप से नर्सिंग ऑफिसर पारुल यादव के नेतृत्व में मनकक्ष की टीम पहुंची। शिविर में नर्सिंग ऑफिसर राजकुमारी सैयाम, नीलम बैरागी और परामर्शदाता नीलम पटेल शामिल रही। सुबह 11 बजे से 5 बजे तक चले इस शिविर में क्षेत्र से 92 मरीजों का पंजीयन किया गया और उनकी स्क्रीनिंग की गई। बताया गया कि आयोजित शिविर में जिला टीम ने पंजीकृत रोगियों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया, इसके साथ ही उन्हें जिला अस्पताल मंडला के मनकक्ष की विस्तृत जानकारी भी दी। स्क्रीनिंग के दौरान गंभीर स्थिति वाले दो मानसिक मरीजों में 30 वर्षीय महिला और एक 50 वर्षीय वृद्ध महिला को बेहतर उपचार के लिए मंडला जिला अस्पताल रेफर किया गया।



### 19 किशोर-किशोरियों की हुई जांच

मानसिक स्वास्थ्य शिविर में किशोर-किशोरियों की जाँच पर भी विशेष बल दिया गया। शिविर में 19 किशोर-किशोरियों का भी जांच परीक्षण किया गया, जो ग्रामीण स्तर पर इस आयु वर्ग में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिविर के दौरान आए सभी मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण संसाधनों के बारे में बताया गया। विशेषज्ञों ने उन्हें मनहित ऐप और राष्ट्रीय टोल फ्री नंबर 14416 की विस्तृत जानकारी दी। यह भी बताया गया कि ऐसे मरीजों के संपूर्ण इलाज के लिए जिला अस्पताल मंडला में एक समर्पित मनकक्ष मौजूद है।

**हेल्पलाईन-9713644800**

माँ नर्मदा होम कॉलोनी
(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)
कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध
शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर
आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये
बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त
कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस
स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री
मो.- 7828214860, 8305671202
ऑफर सीमित समय के लिये*
पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)
सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला